
# Government College Jind

## CELEBRATION OF NATIONAL/INTERNATIONAL COMMEMORATIVE DAYS, EVENTS & FESTIVALS :

### 1. KARGIL VIJAY DEEWAS ( 26 July )

THU,23 SEPTEMBER 2021
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 2

**राजकीय कालेज में एन.सी.सी. कैडेट्स ने मनाया शहीदी दिवस समारोह**



Govt College Jind
17 Dec 2021

विजय दिवस की स्वर्ण जयंती के अवसर पर आज शहीद स्मारक जींद पर 1971 भारत पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई था ता... See more

You, Mukesh Redhu and 1 other

Like Comment Share



### 2. NCC DAY ( On Last Sunday of November every year)

**राजकीय कालेज में मनाया एन.सी.सी. दिवस**

**▪ सिविल अस्पताल में कैडेट्स ने किया सहयोग**



### 3. Celebration of Geeta Jayanti Festival ( December )

**जिला प्रशासन जींद के द्वारा रंगशाला भवन में आयोजित गीता जयंती समारोह में बढ़चढ कर भाग लिया**



28/01/22
CT/ANO
Company No-1/15
Govt P.G. College, JIND

Seen

4. **Independence Day Celebration ( $15^{th}$ Aug**




5. **Vijay Deewas ( $16^{th}$ December)**

# शहीदों की याद में मनाया







जींद | राजकीय महाविद्यालय जींद की एनसीसी यूनिट और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य पुष्पलता की अध्यक्षता में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत कॉलेज प्रांगण में सर्वप्रथम पौधारोपण किया गया और इसके बाद एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा और आम जनता के सहयोग से नेहरू पार्क और रानी तालाब पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 30 किलोग्राम कूड़ा कर्कट एकत्रित किया गया। पंकज बत्रा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां स्वस्थ और समृद्ध रह कर एक नए भारत का निर्माण कर सकें। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर अंजना, सीमा, संदीप, गौरव, सुमन, पूनम, हवलदार प्रदीप भी उपस्थित रहे।




## New Year Celebration ( 1st Jan)

# नये साल की शुरुआत समाज सेवा के साथ : लेफ्टिनेंट बत्तरा

जगत क्रांति ⏭ जींद

राजकीय महाविद्यालय जींद के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा 15 हरियाणा बटालियन के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्तरा के नेतृत्व में नववर्ष 2023 की शुरुआत समाज सेवा के साथ की गयी जिसके अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने मानवता का परिचय देते हुए समान्य नागरिक हस्पताल जींद के बाहर समाजिक सेवा संस्था रोटी बैंक ( अन्नपूर्णा क्षेत्र ) को गरीब जनता के लिये भंडारे हेतु राशन वितरित किया और साथ में चौड़ी गली रोहतक रोड पर स्थित जन सेवा संस्थान आश्रम मे पहुंचकर वृद्धों,



मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग मरीजों को सर्दियों के वस्त्र दान दिये। लेफ्टिनेंट बत्तरा ने बताया कि महाविद्यालय की एनसीसी युनिट के कैडेट्स और अधिकारियों ने मिलकर धनराशि एकत्रित कर के समाज सेवा के इस अमूल्य योगदान को अंजाम दिया है जो कि काबिले तारीफ है। कर्नल मेहरा ने बताया कि आज जिस तरह से हमारी युवा पीढ़ी मे सामाजिक और नैतिक मूल्यों का पतन होता जा रहा है उसके मद्देनजर कैडेट्स ने मानव सेवा के इस कार्य के माध्यम से वर्तमान युवा पीढ़ी के समक्ष एक आदर्श और जिम्मेदार नागरिक बनने का उदहारण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर बटालियन अधिकारी हवलदार दर्शन और थापा भी उपस्थित रहे।

## Shaheed Bhagat Singh Jayanti (23rd March)






स्वास्थ्य विभाग से पहुंची टीम का स्वागत किया। लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा ने बताया कि हमारे कैडेट्स ने कोविड महामारी के दौरान पूरे सेवाभाव से जनहित में अपना पूर्ण योगदान दिया। मंच संचालन कैडेट्स नन्दिनी श्योराण ने किया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. पांचाल ने बताया कि हस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, स्टाफ, फिजियोथेरेपिस्ट व अन्य कर्मचारियों द्वारा

है। इस श्रेणी में ऐसे मरीज आते हैं जिनका इलाज के बाद कोई स्वास्थ्य सुधार होना असम्भव है और जीवन के अंतिम पड़ाव में आखिरी सांस ले रहे हैं। इस बारे डॉ. पांचाल ने कैडेट्स को बताया कि उस समय उस पीड़ित मरीज को सामाजिक, मानसिक, धार्मिक सहयोग की आवश्यकता होती है इसलिए ऐसे मरीजों की सेवा जज्बे से करें ताकि वो बिना किसी दर्द के अंतिम सांस ले सकें। इस बार शुरू

बार प्रशिक्षित किया गया है। हरियाणा सरकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा पेलियम इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से प्रत्येक जिला नागरिक अस्पताल में उक्त कार्यक्रम पहली बार शुरू किया जा रहा है। इस दौरान उप सिविल सर्जन डॉ. पांचाल ने उपस्थित सभी एनसीसी कैडेट्स जिनमें लड़के व लड़कियां दोनों शामिल रहे, को इस प्रोग्राम बारे आमजन को जागरूक करने के लिए प्रमाण-पत्र वितरित किए।

## 10. World Organ Donation Day ( 13th August )

# अंगदान से बड़ा नहीं कोई दान : पंकज



विचार गोष्ठी में संकल्प लेते विद्यार्थी व अन्य।

जींद, 1 जून (हिमांशु) : राजकीय कालेज में रेड रिबन क्लब और रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विचार गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता कालेज प्राचार्या शीला दहिया ने की।

गोष्ठी में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा ने कहा कि अंगदान से बड़ा दान कोई नहीं हो सकता। एक व्यक्ति अंगदान के माध्यम से कम से कम 8 लोगों का जीवन बचा सकता है। इस प्रकार से आयकर विभाग के द्वारा अनेक प्रकार के कार्यों में पैसा दान देने पर करदाता को कर में छूट दी जाती है।

इसी प्रकार से सरकार को चाहिए कि वह अंगदान करने वाले व्यक्ति के परिवार को किसी ना किसी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आर्थिक लाभ अवश्य दे ताकि ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति अंगदान के लिए प्रोत्साहित किए जा सकें और लोगों के अमूल्य जीवन को बचाया जा सके। इस मौके एनसीसी कैडेट योगेश, विशाखा, अमन और आंचल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और अंगदान को लेकर फैली हुई भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के अंत में 25 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय संगठन नोटो के द्वारा निर्धारित फार्म भरकर अंगदान का संकल्प लिया। इस मौके पर सहायक प्रो. रीना सिहाग और पूनम भी मौजूद रहे।



## 11. Road Safety Week ( 11 – 17 January )

# रोड सेफ्टी क्लब ने किया नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

जगत क्रांति ▶▶ जींद



राजकीय महाविद्यालय जींद की एनसीसी यूनिट, रोड सेफ्टी क्लब, एनएसएस एवं खेल विभाग के संयुक्त प्रयासों से प्राचार्या शीला दहिया की अध्यक्षता में महाविद्यालय कैम्पस में नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला नारकोटिक्स विभाग से सब इंस्पेक्टर नरेश एवं कांस्टेबल अंजु ने शिरकत की। मंच संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा ने किया। इंस्पेक्टर नरेश ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए चिंता जताई कि आज की हमारी युवा पीढ़ी में नशे की गंदी लत लगातार बढ़ती जा रही है जिसकी वजह से ना केवल सड़क हादसों में बढ़ोतरी हो रही है अपितु युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार मय होता दिखाई दे रहा है। यदि समय रहते इन्हें जागरूक ना किया गया तो वो दिन दूर नहीं जब पंजाब की तरह हरियाणा की गिनती भी नशेड़ी राज्यों में होने लगेगी।

अंजू बाला ने विद्यार्थियों को इस संदर्भ में जानकारी हासिल करने और सूचना देने के लिये टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी भी दी। अधिकारी पंकज बत्रा ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा संसाधनों की बच पर्यावरण की सुरक्षा और सड़ दुर्घटनाओं को कम करने के लि माह में एक दिन नो व्हीकल डे संकल्प भी लिया गया है। इस अवसर पर प्रोफेसर रणधीर, अमन, शि कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अंत में सभी विद्यार्थियों को नशा मु अभियान के तहत नशे से दूर रह और जागरूकता की शपथ भी दिला गयी।

## 12. International Yoga Day ( 21st June )



**Govt College jind** ...

21 Jun 2022 ·

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के अवसर पर जिला प्रशासन जींद के द्वारा नई अनाज मंडी जींद में आयोजित योग कार्यक्रम में 15 हरियाणा बटालियन की राजकीय महाविद्यालय, ... See more



…asha Mukti Deewas ( 26th June …

# …ोड सेफ्टी क्लब ने किया नशा …मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

[illegible]

[illegible]



[illegible] …दिखाई दे रहा है। [illegible] …भी नशेड़ी गाज़ों में होने लगेंगी।

[illegible]

[illegible]

## Flag Day & Communal Harmony Week (

# एनसीसी यूनिट ने मनाया राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव एवं फ्लैग डे



[illegible] » जींद

गृह मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव फाउंडेशन के दिशानिर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय जींद की एनसीसी यूनिट के द्वारा प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भावना और फ्लैग डे मनाया गया जिसके अंतर्गत स्वयंसेवक एनसीसी कैडेट्स को एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमल कुमार और धार्मिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर सतीश मलिक ने एकता और सद्भावना के फ्लैग बैज उनकी ड्रेस पर चिन्हित किया। तदुपरांत सभी कैडेट्स और अधिकारियों ने एकजुट होकर एनसीसी गीत हम सब भारतीय है, अपनी मंजिल एक है का गान किया और देश की अखण्डता और एकता को बनाए रखने के लिये एकजुट होने का संकल्प लिया।

एनसीसी अधिकारी ने बताया कि भारत एक ऐसा देश है जहां विभिन्न प्रकार के धर्मों और उनमें विश्वास करने वाले लोग रह रहे हैं। इसके बावजूद हम सब एक है और देश के चहुंमुखी विकास के लिये सभी को संगठित होकर रहना जरूरी है। इस अवसर पर विद्यार्थियों में एकता की भावना विकसित करने के लिये कैडेट्स के वार्तालाप खेल अल्पना का आयोजन भी किया गया।

## Republic Day ( 26th January)


**Govt College jind**

NCC SW Unit Got 2nd Position : Republic Day Prade 2023



National Voters Day ( 25th Jan)




## 18. Azadi ka Amrit Mahotsav

**Govt College jind**
6 Aug 2022

राजकीय महाविद्यालय जींद की पुरुष और महिला एनसीसी यूनिट के कैडेट्स ने जींद के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आजादी के 75वे अमृत महोत्सव को मनाने के लिये लेफ्टि... See more




# आजादी के अमृत महोत्सव पर वालीबॉल श्रृंखला का आयोजन किया



जगत क्रांति ▶▶ जींद

आज प्रातः राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान में 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न को मनाने के लिये एनसीसी यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा के द्वारा 5 टीमों की वालीबॉल श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट्स के अलावा जींद की विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों अंकित, सचिन, रिंकू, पंकज और व्यापारी पवन बंसल, पंकज गर्ग, अजय दूल और एडवोकेट बलजीत ने हिस्सा लिया। व्यापारी पवन ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से खिलाड़ियों में आपसी भाई चारे और सौहार्द की भावना पनपती है और एक दूसरे को समझने का मौका मिलता है। अजय दूल ने कहा कि आज की यह खेल श्रृंखला हर घर तिरंगा अभियान और भारत माता को समर्पित है। उधर गत दिवस राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या श्रीमती शीला दहिया की अध्यक्षता में एनसीसी यूनिट के द्वारा महाविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों के लिए आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा झंडा वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 500 के करीब झंडों का वितरण किया गया। इस आयोजन में एनसीसी कैडेट्स ने बड़े ही अनुशासन के साथ योजनाबद्ध तरीके से सम्मान के साथ झंडों का वितरण किया। लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी एक ऐसा शब्द है जिसे बोलना तो बहुत आसान है लेकिन इसको पाने के लिये जो यातनाएं और पीड़ा सहन करनी पड़ती है उसे केवल वही अनुभव कर सकता है जो इसके लिये लड़ा हो।



रक्षा बंधन के पावन पर्व पर अपने भाई आरुष बामणिया की कलाई पर राखी बांध कर उसकी लंबी आयु की कामना करते हुए रक्षा बामणिया, जींद।

Pani Bala 28/01/23
CT/ANO
Company No-1/15
Govt. P.G. College, JIND

Seen



Lt. Pani Bala
27/01/2023
(Associate NCC officer)
CT/ANO
Company No-1/15
Govt. P.G. College, JIND

Seen
27/1/23

शान तिरंगा

रैली का उद्देश्य साथ मिलकर हर घर तिरंगा पर्व मनाना : लैफ्टिनेंट पंकज बत्रा

# राजकीय महाविद्यालय ने निकाली साइकिल तिरंगा रैली

जगत क्रांति ▸▸ जींद

आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मनाने के लिये राजकीय महाविद्यालय जींद की एनसीसी, एनएसएस यूनिट और खेल विभाग ने संयुक्त रूप से एक तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन उप प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया। यह रैली राजकीय महाविद्यालय के कैंपस से रानी तालाब होते हुए एकलव्य स्टेडियम तक निकाली गयी। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर पूरे जोश और उत्साह से पूरे मार्ग में देशभक्ति के नारे लगाये और रानी तालाब पर डा भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर रुक कर देश की आजादी के परवानों को याद करते हुए जोरदार तालियां बजायी। लैफ्टिनेंट पंकज बत्रा ने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लोगों के साथ मिलकर हर घर तिरंगा पर्व को मनाना है और उनमें देशभक्ति की भावना को जागृत करना है। सभी प्रतिभागियों ने एकलव्य स्टेडियम में पहुंच कर देश के सम्मान में राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक उच्चारण किया। इस रैली में कैडेट्स और स्वयंसेवकों के अलावा एनएसएस अधिकारी अमन नैन और खेल विभाग के सतीश मलिक के अलावा व्यायामी पवन और पंकज गर्ग ने भी हिस्सा लिया।



# 15 हरियाणा बटालियन द्वारा पुनीत सागर कार्यक्रम का आयोजन

... से सुनील

जगत क्रांति ▶▶ जींद

आज राजकीय महाविद्यालय,जींद द्वारा आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में एनसीसी कैडेट और एनएसएस वोलेंटियर व समस्त सेक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज करने पहुंचे। कार्यक्रम का शुभ आरंभ मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण मिढ़ा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा कुछ पुरस्कार विजेताओं

पौधा भेंट करके सम्मानित किया गया। डॉ. मिड्ढा ने महाविद्यालय की प्राचार्या शीला दहिया को कार्यकर्म के सफल आयोजन के लिए बधाई दी व कहा राजकीय महाविद्यालय जींद के पूर्व, सांस्कृतिक गतिविधियों, समाजसेवा व सेक्षणीक कार्य में सदेव अग्रणी रहा है। प्रभात फेरी को मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण मिड्ढा व प्राचार्य शीला दहिया द्वारा झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा व एनएसएस प्रभारी द्वारा किया गया।

जीन्द : आजादी के अमृत महोत्सव ... महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ के तत्वावधान मे महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के द्वारा 15 हरियाणा बटालियन के सहयोग से अपने तिरंगे को जानो विषय पर एक राज्य स्तरीय क्विज का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे पूरे हरियाणा से भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों के 319 छात्रों ने पंजीकरण करवाया जिसमें आर के एस डी कॉलेज कैथल के छात्र अमित कुमार ने प्रथम और इंडस डिग्री कॉलेज के छात्र विकास ने द्वितीय और राजकीय महाविद्यालय जींद को छात्रा महक ने तृतीय स्थान हासिल किया। तीनों विजेताओं को विधायक कृष्ण लाल मिढ़ा द्वारा प्रशंसा प्रमाणपत्र एवं नगद धन राशि क्रमशः 1000, 700 और 500 रुपये देकर सम्मानित किया गया और तीनों विजेताओं को एक एक पौधा भी वितरित किया गया। प्राचार्या शीला दहिया ने और कर्नल अनुराग मेहरा ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बेस्ट स्नेपशॉट विद् तिरंगा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

जगत क्रान्ति ▶▶ जींद

राजकीय महाविद्यालय जींद मे 76 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनसीसी कैडेट्स, टीचिंग और गैर टीचिंग स्टाफ सदस्यों के लिये बेस्ट स्नेपशॉट विद् तिरंगा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका परिणाम आज घोषित किया गया। यह प्रतियोगिता पुरुष और महिला दोनों वर्गों के लिये आयोजित की गयी। एनसीसी




भारद्वाज ने फीमेल कैटेगरी और मेल कैटेगरी से इंग्लिश विभाग के प्रोफेसर सत्यवान मलिक ने जीत दर्ज की। गैर शैक्षणिक स्टाफ में पुरुष वर्ग मे चोकीदार हरिओम और महिला वर्ग मे स्टेनो सोनू ने जीत हासिल की।

सभी विजेताओं को प्राचार्या शीला दहिया एवं स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी। विजेताओं की घोषणा निर्णायक मंडल के सदस्यों प्रोफेसर सीमा ढांडा, रचना शर्मा, सविता